UP Board Solutions for Class 6 Hindi Chapter 9 हिन्द महासागर में छोटा – सा हिंदुस्तान (मंजरी)

प्रश्न-अभ्यास

यात्रा वृत्तांत से

प्रश्न 1.
दिए गए विकल्पों से सही विकल्प छाँटकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (पूर्ति करके) –

(क) मॉरीशस की जनसंख्या के 67 प्रतिशत लोग भारतीय मूल के हैं। (76, 67, 17, 68)।
(ख) मॉरीशस में भारतीय संस्कृति की रक्षा का काम तुलसीदास जी की रामचरितमानस ने किया है। (विनयपत्रिका, रत्नावली, रामायण, गीता)
(ग) मॉरीशस की दूसरी जनभाषा भोजपुरी को ही मानना पड़ेगा। (भोजपुरी, अँग्रेजी, क्रेयोल, फ्रेंच)

प्रश्न 2.
पाठ में आए मॉरीशस के उन सभी गलियों और मोहल्लों के नाम लिखिए, जो अपने देश मैं भी हैं?
उत्तर :
पाठ में आए मॉरीशस के उन सभी गलियों और मोहल्लों के नाम, जो अपने देश में भी हैं, इस प्रकार हैं- गलियाँ– कलकत्ता, मद्रास, हैदराबाद, मुम्बई आदि। मोहल्ले- काशी, बनारस, गोकुल, ब्रह्मस्थान आदि।

प्रश्न 3.
लेखक ने मॉरीशस को 'छोटे पैमाने पर भारत' ही कहा है, क्यों?
उत्तर :
मॉरीशस की जनसंख्या के 67 प्रतिशत लोग भारतीय मूल के हैं। इनकी राजधानी की गलियों एवं मोहल्लों का नाम भारतीय शहरों के नाम पर हैं। जैसे – कलकत्ता, मद्रास, गोकुल आदि। भोजपुरी यहाँ की दूसरी जनभाषा है तथा कृषि मुख्य व्यवसाय है। कहने का अर्थ यह है कि लेखक को मॉरीशस में वे सारी चीजें मिलीं जो भारत में हैं। इसलिए उन्होंने इस द्वीप को छोटे पैमाने पर भारत कही।

भाषा की बात

प्रश्न 1.
निम्नलिखित वाक्य में आई हुई क्रियाओं और संज्ञापदों को रेखांकित कीजिए (रेखांकित करके) –

मॉरीशस में ईख की खेती और उसके व्यवसाय को जो सफलता मिली है, वह भारतीय वंश के लोगों के कारण मिली है। सारा मॉरीशस कृषि प्रधान द्वीप है, क्योंकि चीनी वहाँ का प्रमुख अथवा एक मात्र उद्योग है।

प्रश्न 2.
निम्नलिखित में से कौन-सा अंश प्रधान वाक्य है और कौन-सा सहायक उपवाक्य है

- **वाक्य –** मॉरीशस वह देश है, जिसका कोई भी हिस्सा समुद्र से पंद्रह मील से ज्यादा दूर नहीं है। मॉरीशसे वह देश है जहाँ की जनसंख्या के 67 प्रतिशत लोग भारतीय मूल के हैं।

- **प्रधान वाक्य** – मॉरीशस वह देश है।
- **सहायक उपवाक्य** – जिसका कोई भी हिस्सा समुद्र से पन्द्रह मील से ज्यादा दूर नहीं है।
- **वाक्य** – मॉरीशस वह देश है जहाँ की जनसंख्या के 67 प्रतिशत लोग भारतीय मूल के हैं।
- **प्रथान वाक्य प्रधान वाक्य** – मॉरीशस वह देश है।
- **सहायक उपवाक्य** – जहाँ की जनसंख्या के 67 प्रतिशत लोग भारतीय मूल के हैं।

प्रश्न 3.
निम्नलिखित मुहावरों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए (वाक्य में प्रयोग करके) –
उत्तर :

- **लोभ का जगना** = लुभावनी वस्तुएँ देखकर लोभ का जगना स्वाभाविक है।
- **सड़क छानना** = आगरे में बहुत सड़क छानने पर हम मुश्किल से ताजमहल पहुँचे।
- **मोर्चे पर आगे बढ़ना** = हिरणों के झुण्ड को देखकर एक जवान शेर धीरे-धीरे मोर्चे पर आगे बढ़ा।

प्रश्न 4.
पाठ में निम्नलिखित शब्द हिन्दी भाषा में प्रचलित दूसरी भाषाओं अँग्रेजी, अरबी तथा फारसी के आए हुए हैं। इन शब्दों में से अँग्रेजी, अरबी तथा फारसी के शब्दों को अलग-अलग छाँटकर लिखिए (छाँटकर) –

अँग्रेजी	अरबी	फारसी
सर्विस, एयर इण्डिया,	इजाज़त	पैमाना
नेशनल पार्क, क्रिस्तान,	नज़र	बखूबी
मोटरों, पिकनिक	रकबा	बाकी

प्रश्न 5.
तुच्छ + अति + तुच्छ से 'तुच्छातितुच्छ' शब्द बनता है; जिसका अर्थ है- तुच्छ से भी तुच्छ। इसी प्रकार निम्नलिखित शब्दों से नए शब्द बनाइए (नए शब्द बनाकर) –
उत्तर :

दीर्घ + अति + दीर्घ = दीर्घातिदीर्घ	उच्च + अति + उच्च = उच्चातिउच्च
न्यून + अति + न्यून = न्यूनातिन्यून	सूक्ष्म + अति + सूक्ष्म = सूक्ष्मातिसूक्ष्म

प्रश्न 6.

(क) पाठ के सबसे अन्तिम अनुच्छेद का सुलेख कीजिए।
(ख) इस अनुच्छेद पर चार प्रश्न बनाइए।
(ग) इस अनुच्छेद को उचित शीर्षक दीजिए।
(घ) इस अनुच्छेद के आधार पर एक चित्र बनाइए।

उत्तर :
(क) सुलेख विद्यार्थी स्वयं लिखें।
(ख)

https://www.evidyarthi.in/

1. वहाँ का कौन-सा तालाब हिंदुओं का पुण्यधाम हो उठा है?
2. शिवरात्रि के समय सारे मॉरीशस के हिंदू क्यों करते हैं?
3. शिवरात्रि के दिन मॉरीशस के हिंदू वयस्क क्या पहनते हैं?
4. कहाँ लगने वाला मेला मॉरिशस का प्रमुख आकर्षण है?

(ग) 'मॉरीशस का परी तालाब'।
(घ) चित्र विद्यार्थी स्वयं बनाएँ।